nt>

Title: Need to provide benefits of the agreement between the labour Union and `Cell' to the labourers of Katishwar Lime Stone in Katru District of Madhya Pradesh.

श्री चन्द्रमणि त्रिपाठी : माननीय सभापति महोदय, मध्य प्रदेश के कटनी जिले में स्थित कोटेश्वर लाइम स्टोन में जो कांट्रेक्ट लेबर है, उनकी समस्याओं की तरफ मैं आपके माध्यम से भारत सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। आज से बीस साल पहले ठसेल' और यूनियन के बीच एक समझौता हुआ था, उसमें तय हुआ था कि वहां कोई कांट्रेक्ट लेबर नहीं होगी। जो भी लेबर होगी वह रेगुलर होगी। इसके बाद मैनेजमैंट अदालत गई थी। अदालत में मजदूरों के पक्ष में फैसला हुआ। लेकिन आज भी वहां कांट्रेक्ट लेबर मवेशियों जैसी जिंदगी व्यतीत कर रहे हैं। मैं भारत सरकार से मांग करना चाहता हूं कि जो समझौता कांट्रेक्ट लेबर और ठसेल' के बीच हुआ था, उसका लाभ वहां के मजदूरों को मिलना चाहिए। वहां के मैनेजमैंट और कांट्रेक्टर ने मिलकर मजदूरों को निकाल दिया है। आज वे दाने-दाने के लिए मोहताज हैं। इसलिए मैं भारत सरकार से मांग करना चाहता हूं कि वहां की कांट्रेक्ट लेबर को न्याय मिलना चाहिए।